-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 15.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **बांदा और आसपास के जनपदों में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को थाना बबेरु पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुए चोरी की 06 मोटरसाइकिलें की गई बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के निकट पर्यवेक्षण में थाना बबेरु पुलिस द्वारा बांदा और आस-पास के जनपदों में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 14/15.05.2025 की रात्रि को थाना बबेरु पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को अतर्रा रोड कस्बा बबेरु से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। व्यक्ति से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि यह मोटरसाइकिल उसने अपने 03 अन्य साथियों के साथ थाना गिरवां क्षेत्र से चोरी की थी। साथ ही उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ और भी मोटरसाइकिल बांदा शहर व चित्रकूट सतना से चोरी की जिनमें से एक मेरे घर पर बाकी मेरे साथी के घर पर रखी है। पुलिस द्वारा अभियुक्त की निशादेही पर 05 अन्य मोटरसाइकिलें बरामद हुई, जिनमें से एक मोटरसाइकिल के पिछले हिस्से में रिक्शा ट्राली लगा हुआ है। पुलिस द्वारा घटना में शामिल अन्य 03 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

बरामद मोटरसाइकिलें-

1. UP 90 R 4110 बरामद हुई (स्प्लैण्डर काला रंग)
2. UP 90 W 5117(अपाचे लाल रंग)
3. UP 96 C 4078 (हीरो हाण्डा काले रंग)
4. UP 91 Q 0619 (हीरो एच0एफ0 डीलक्स काला रंग)
5. UP 90 R 9054 (स्प्लेण्डर प्लस काला रंग)
6. 01 मोटरसाइकिल हीरो हाण्डा CD डॉन काला रंग, जिसके पिछले भाग में ट्राली लगी हुई

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अरविन्द कुशवाहा पुत्र रामसुमेर निवासी पिपरी खिरवा थाना बिसंडा जनपद बांदा।

फरार/वांछित अभियुक्त-

1. विवेक कुमार पुत्र देव प्रसाद निवासी कस्बा व थाना बबेरु जनपद बांदा।
2. पंकज पुत्र छोटे वर्मा निवासी जमुनिहापुरवा कस्बा व थाना बबेरु जनपद बांदा।
3. सन्तलाल उर्फ निराला पुत्र शिवपूजन वर्मा निवासी जमुनिहापुरवा कस्बा व थाना बबेरु जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अं0सं0 180/25 धारा 317(2)/317(4) बीएनएस थाना बबेरु जनपद बांदा।
2. मु0अं0सं0 371/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
3. मु0अं0सं0 435/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
4. मु0अं0सं0 485/24 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
5. मु0अं0सं0 233/23 धारा 379 भादवि थाना नयागांव जनपद सतना (म0प्र0)।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

श्री जयचन्द्र सिंह चौकी प्रभारी कस्बा बबेरु, उ0नि0 श्री सैफ अहमद अंसारी, उ0नि0 श्री रामेन्द्र सिंह, उ0नि0 श्री देवीदीन गौतम, हे0कां0 रजनीश पाण्डेय, कां0 नरेश अहिरवार, कां0 स्पेन्द्र, कां0 सूर्यांशू